श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 77, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरुवार, 22 अक्टूबर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## UP: श्रमिकों को भ्रमण-तीर्थ के लिए आर्थिक मदद देगी योगी सरकार, बेटियों को किताबों के लिए मिलेंगे 7,500

### उत्तर प्रदेश में श्रमिकों को भ्रमण के लिए 12 हजार रुपये आर्थिक मदद देगी योगी सरकार

**लखनऊ, जेएनएन।** कोरोना के कारण हुए लॉकडाउन में मजदूर और उनके परिवारों को आर्थिक मदद देने वाली योगी सरकार ने उनके लिए कुछ और मदद का फैसला लिया है। श्रमिकों को भ्रमण-तीर्थ, उनकी उच्च शिक्षा ले रही बेटियों को किताबें और खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को आर्थिक मदद दी जाएगी। इसके लिए श्रम कल्याण परिषद की तीन योजनाएं जल्द लागू होने जा रही हैं।



उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण परिषद की बैठक बुधवार को मुख्य सचिव आरके तिवारी की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में हुई। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रम सुरेश चंद्रा ने तीन योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया। मुख्य सचिव बताया कि श्रमिकों को धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन के लिए स्वामी विवेकानंद ऐतिहासिक पर्यटन यात्रा योजना के तहत 12 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस योजना को आइसीटीसीआर या पर्यटन विभाग की किसी अन्य योजना के माध्यम से चलाया जाएगा।

निर्णय लिया गया कि महादेवी वर्मा पुस्तक क्रय आर्थिक सहायता योजना के तहत कारखानों में कार्यरत श्रमिकों की उच्च शिक्षा में अध्ययनरत बेटियों को किताबें खरीदने के लिए 7500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके अलावा खेल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले श्रमिकों के बच्चों को भी सरकार प्रोत्साहन राशि देगी। इसमें जिला स्तर पर चयन होने पर 10 हजार रुपये, राज्य स्तर पर 25 हजार रुपये, राष्ट्रीय स्तर पर 50 हजार रुपये और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देने का फैसला किया गया है।

मुख्य सचिव ने लाभार्थियों के चयन के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। समिति में क्षेत्रीय उप श्रमायुक्त और जिला खेल अधिकारी को सदस्य के रूप में शामिल किया जाएगा।

## मुख्तार अंसारी के बेटों की गिरफ्तारी पर कोर्ट ने लगाई रोक, घोषित था 25-25 हजार का इनाम

**लखनऊ, जेएनएन।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनउ खंडपीठ ने बुधवार के माफिया डान और बीएसपी एमएलए मुख्तार अंसारी के दो बेटों के खिलाफ डालीबाग की एक शत्रु सम्पत्ति पर निर्माण करने के मामले दर्ज प्राथमिकी पर दौरान विवेचना उनकी गिरफतारी पर अंतरिम रोक लगा दी है। कोर्ट ने हालांकि दोनों को विवेचना में सहयोग करने का आदेश दिया है।



यह आदेश जस्टिस डी के उपाध्याय व जस्टिस संगीता यादव की पीठ ने अब्बास अंसारी व उमर अंसारी की याचिका पर पारित किया है। कोर्ट ने सरकार के चार हफ्ते में अपना प्रतिशपथपत्र दाखिल करने का भी आदेश दिया है। याचियों की ओर वरिष्ठ अधिवक्ताओं जेएन माथुर , एचजीएस परिहार व अरूण सिन्हा ने पक्ष रखा। माथुर ने तर्क दिया कि प्राथमिकी को पढ़ने से ही याचियों के खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई अपराध नहीं बनता । उन्होंने कहा कि जब अपराध कारित करने की बात कही जा रही है तब तो याचियों का जन्म भी नहीं हुआ था। कहा गया कि दुर्भावना के कारण प्राथमिकी लिखायी गयी है। वहीं महाधिवक्ता राघवेंद्र सिंह ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि याचिका पोषणीय नहीं है क्योकि याचीगण कोर्ट के सामने क्लीन हैण्ड से नहीं आये हैं । उन्होने यह भी तर्क दिया कि याची अग्रिम जमानत का आवेदन कर सकते हैं अतः उन्हें रिट दायर कर प्राथमिकी के चुनौती देने का अधिकार नहीं है। कोर्ट ने महाधिवक्ता के सारे तर्को को नकार दिया । कोर्ट ने यहां तक कहा कि महाधिवक्ता के तर्क मिथ्या हैं।

## इलाहाबाद हाई कोर्ट से सपा सांसद आजम खां को झटका मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट की याचिका खारिज

**इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सांसद मोहम्मद आजम खां के मार्फत दाखिल याचिका खारिज कर दी है।**





**प्रयागराज, जेएनएन।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट के अध्यक्ष रामपुर से सांसद मोहम्मद आजम खां के मार्फत दाखिल याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि राजस्व परिषद के आदेश में कोई अवैधानिकता नहीं है, इसलिए हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं है। यह आदेश न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्र ने ट्रस्ट की तरफ से दाखिल याचिका पर दिया है।

उत्तर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता सुधांशु श्रीवास्तव का कहना था कि अनुसूचित जाति के किसानों की जमीन बिना कलेक्टर की पूर्व अनुमति के बैनामा कराना विधि विरुद्ध है। उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन कानून की धारा 157-ए के विपरीत है। ऐसी भूमि का स्वामित्व राज्य सरकार में निहित हो जाता है। इससे पहले कोर्ट ने याची अधिवक्ता सफदर काजमी की वीडियो कांफ्रेंसिंग से सुनवाई की मांग पर संपर्क न होने पर कोर्ट में बहस का आदेश दिया था। केस की दोबारा पुकार के बाद याची की तरफ से कोई अधिवक्ता नहीं आया। इस पर कोर्ट ने पत्रावली के आधार पर बोर्ड के आदेश पर हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया। कहा कि निचली अदालत के आदेश में कोई अवैधानिकता नहीं है।

## सेना प्रमुख बोले, देश में अब थिएटर कमांड बनाने की जरूरत इससे बढ़ेगी तीनों सेनाओं की लड़ने की क्षमता

**नई दिल्ली, पीटीआइ।** तीनों सेनाओं के प्रमुख (सीडीएस) की नियुक्ति के बाद देश की सुरक्षा को प्रभावशाली बनाने के लिए अब समन्वित थिएटर कमांड बनाने की जरूरत है। इस दिशा में जल्द कदम उठाए जाने चाहिए। इससे तीनों सेनाएं युद्ध और शांति की स्थिति में बेहतर तालमेल बनाकर कार्य कर सकेंगी। यह बात थल सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवाने ने कही है। उल्लेखनीय है कि चीन ने सैन्य सुधारों को लागू करते हुए थिएटर कमांड व्यवस्था स्थापित कर रखी है।



सिकंदराबाद स्थित कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट में जनरल नरवाने ने कहा, 13 लाख जवानों वाली मजबूत सेना में सभी को साथ मिलकर और विश्वास की भावना के साथ राष्ट्र हित में कार्य करने की जरूरत होती है। सेना के लिए राष्ट्र की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण होती है। कहा, वह भविष्य में तीनों सेनाओं के साथ मोर्चा बनाकर कार्य करने के प्रति आशान्वित हैं। इससे तीनों सेनाओं में बेहतर तालमेल स्थापित होगा और बेहतर परिणाम आएंगे।

सेना प्रमुख के इस बयान से माना जा रहा है कि तीनों सेनाएं अब मिलकर लड़ने के नए तरीकों पर विचार कर रही हैं। नई चुनौतियों के मद्देनजर वे अपनी लड़ाकू क्षमता बढ़ाने के विकल्पों के बारे में गंभीरता से सोच रही हैं। जनरल नरवाने ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय एकता और अखंडता, सेना के आधुनिकीकरण और थिएटर सिस्टम लागू करने के विषय में अनेक बातें कहीं। उन्होंने कहा, सीडीएस की नियुक्ति की सेनाओं की बहुत पुरानी मांग थी।

इससे हमारी क्षमताओं को बढ़ाने और रणनीति बनाने में काफी मदद मिली है। सीडीएस की नियुक्ति का कदम राष्ट्रहित में बहुत समझदारी वाला फैसला है। इसके बाद अब सुरक्षा व्यवस्था में थिएटर कमांड सिस्टम को लागू करना है। इसकी स्थापना में कई वर्षो का समय लग सकता है। लेकिन इसकी स्थापना से देश की सुरक्षा व्यवस्था में काफी सबलता आएगी। तीनों सेनाओं की मिलकर लड़ने की क्षमता बढ़ जाएगी।

उल्लेखनीय है कि मौजूदा केंद्र सरकार ने सीडीएस व्यवस्था लागू की है और इस निर्णय के तहत 31 दिसंबर, 2019 को पहले सीडीएस के रूप में जनरल बिपिन रावत की नियुक्ति हुई है। सेना प्रमुख ने तेलंगाना के सिकंदराबाद में कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट एंड बाइसन डिवीजन का दौरा करने के दौरान उक?त बातें कहीं। अधिकारियों के साथ बातचीत में उन?होंने मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य के बारे में बात की और क्षमता विकास पर जोर दिया।

## वरिष्ठ भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन हुए कोरोना पॉजिटिव

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। शाहनवाज हुसैन ने ट्वीट करते हुए खुद इसकी जानकारी दी। बिहार चुनाव में भाजपा के स्टार प्रचारक शाहनवाज हुसैन ने कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद ट्वीट कर लिखा कि मैं कुछ ऐसे लोगों के संपर्क में आया था, जो कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। आज मैंने अपना टेस्ट करवाया, जो पॉजिटिव आया। पिछले कुछ दिनों में मेरे संपर्क में आए लोगों से मैं निवेदन करता हूं किं वो सरकारी गाइडलाइंस के अनुसार अपना कोविड टेस्ट करवाएं।



कोरोना पॉजिटिव आने बाद शाहनवाज हुसैन दिल्ली एम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती हैं। उन्होंने ट्वीट कर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं और घबराने की कोई जरूरत नहीं है। बता दें कि बिहार के अररिया के फारबिसगंज में चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए शाहनवाज हुसैन ने कहा था कि मुसलमानों के लिए हिंदुस्तान से अच्छा कोई देश नहीं है, हिंदू से अच्छा कोई दोस्त नहीं और नरेंद्र मोदी से अच्छा कोई पीएम नहीं है। बीते दिनों पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की मौत हो गई थी। उनकी कोरोना जांच रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई थी। पूर्व में उप राष्ट्रपति वेंकैया नायडू, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी कोरोना संक्रमित पाए गए थे। हालांकि इन नेताओं ने कोरोना को शिकस्त दे दी है। हाल ही में कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद कोरोना संक्रमित पाए गए थे।

देश में कोरोना संक्रमण के नए मामलों में कमी का रुख बना हुआ है। लगातार पांचवें दिन बुधवार को 60 हजार से कम नए मामले सामने आए। सोमवार को 50 हजार से भी कम नए केस मिले थे। नए मामले कम हो रहे हैं तो स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अब तक 77 लाख संक्रमित मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें से 68 लाख से अधिक लोग उबर भी चुके हैं। पीटीआइ की तरफ से रात सवा नौ बजे जारी टैली के मुताबिक बीते 24 घंटों के दौरान 55,871 नए केस मिले हैं, 82,062 मरीज ठीक हुए हैं और 714 लोगों की मौत हो गई है।

## वायु प्रदूषण को लेकर एक्शन में योगी सरकार 75 उद्योग किए बंद और 260 को नोटिस

**लखनऊ, जेएनएन।** बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार एक्शन में है। प्रदूषण फैलाने के आरोप में अब तक 75 उद्योग बंद किए जा चुके हैं। 260 को नोटिस दिया गया है। करीब 60 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया जा चुका है। पराली जलाने की अब तक 300 से अधिक घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसमें 164 मामलों में एफआइआर दर्ज की गई है।




उत्तर प्रदेश के कई शहरों में वायु प्रदूषण खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। योगी सरकार ने इसे लेकर संबंधित विभागों को कड़ा रुख अपनाने के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत विभागों ने भी सख्ती शुरू कर दी है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 188 उद्योगों का निरीक्षण किया। इसमें 86 प्रदूषण फैलाने के दोषी पाए गए। खुले में कूड़ा जलाने के 293 मामले पकड़ में आए हैं। इनसे सवा लाख रुपये से अधिक का जुमार्ना वसूला गया है।भवन व सड़क निर्माण में धूल उड़ाने के आरोप में 63 मामले पकड़ में आए हैं। ईंट-भट्ठे से वायु प्रदूषण के एक दर्जन से अधिक मामलों में सख्त कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला गया। वाहनों से प्रदूषण के 200 से अधिक मामले पकड़ में आए हैं। प्रदेश सरकार की सख्ती के बावजूद इस बार पराली जलने की भी करीब 300 से अधिक घटनाएं घटी हैं। इनमें से 164 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के साथ ही 2.62 लाख रुपये वसूले गए हैं। 110 अफसरों व कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई हुई है।

यूपी के शहरों में वायु प्रदूषण-शहर : एक्यूआइ (21 अक्टूबर), आगरा : 268, बागपत : 325, बुलंदशहर : 267, गाजियाबाद : 254, ग्रेटर नोएडा : 284, हापुड़ : 247, कानपुर : 194, लखनऊ : 328, मेरठ : 339

नोएडा : 264, मुजफ्फरनगर : 320, मुरादाबाद : 250, वाराणसी :264, (स्रोत-केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड)।

## देश में जल्द दूर होगी पुलिसकर्मियों की कमी : अमित शाह

**पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद पुलिसकर्मियों को दी श्रद्धांजलि।**



**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने देश में जनसंख्या के अनुपात में पुलिस बल की कमी को दूर करने के लिए जल्द ही कदम उठाए जाने के संकेत दिये। शाह ने माना कि दुनिया के अन्य देशों में जनसंख्या के अनुपात में भारत में पुलिस बल की संख्या काफी कम है और इस कारण पुलिसकर्मियों पर काम का बोझ बहुत ज्यादा है।

अमित शाह ने कहा- भारत में पुलिसबल की संख्या दुनिया के अन्य देशों की तुलना में कम हैअमित शाह ने देश में पुलिसकर्मियों के 24 घंटे, 365 दिन काम करने और तीज-त्योहार पर भी ड्यूटी पर तैनात रहने का जिक्र करते हुए कहा कि 'दुनिया की अपेक्षा भारत में प्रति एक लाख व्यक्ति पर पुलिसबल की संख्या कम है, मगर मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि मोदी जी के नेतृत्व में कई योजनाओं पर काम चल रहा है।'

पुलिस अनुसंधान व विकास ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक 2018 में देश में कुल स्वीकृत पदों के हिसाब से प्रति एक लाख जनसंख्या पर 198 पुलिस कर्मी हैं, जो दुनिया के अन्य देशों की तुलना में काफी कम है। इस पर विडंबना यह कि कुल स्वीकृत 25.95 लाख पदों में 5.28 लाख से अधिक पद खाली हैं। यानी स्वीकृत पदों में भी लगभग 20 फीसद पद खाली हैं।कम संख्या और लगातार काम के दबाव के बावजूद कोरोना संकट के दौरान पुलिस की भूमिका की अमित शाह ने सराहना की। शाह के अनुसार लॉकडाउन को प्रभावी तरीके से लागू करने से लेकर लाखों प्रवासी मजदूरों की सहायता, बीमारों को अस्पताल पहुंचाना, ब्लड डोनेशन से लेकर प्लाज्मा डोनेशन तक कोरोना के खिलाफ जंग में पुलिसकर्मी सबसे आगे रहे।

उन्होंने कहा कि कोरोना के खिलाफ लड़ाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी भी संक्रमित हुए और इससे 343 पुलिसकर्मियों की मौत भी हुई। शाह ने सरकार की ओर से पुलिसकर्मियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि 'आप देश और आंतरिक सुरक्षा को संभालिए, सरकार आपकी और आपके परिवार की रक्षा के लिए सदैव तत्पर, जागरूक और प्रतिबद्ध रहेगी।' 'कानून व व्यवस्था बनाए रखने से लेकर जघन्य अपराधों को सुलझाने तक, आपदा प्रबंधन में सहयोग से लेकर कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई तक, हमारे पुलिस के जवानों ने बिना किसी झिझक के अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है'-**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।**

## सीमा विवाद के बीच दशहरा पर सिक्किम जा सकते हैं राजनाथ सिंह, सैनिकों का बढ़ाएंगे मनोबल

**नई दिल्ली, एएनआइ।** चीन के साथ चल रहे सीमा विवाद के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दशहरा पर सिक्किम का दौरा कर सकते हैं। इस दौरान मंत्री पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के खिलाफ तैनात सैनिकों का मनोबल बढ़ाएंगे। उनकी यात्रा 23-24 अक्टूबर को संभावित है। इस दौरान वह कई सड़क परियोजनाओं और रणनीतिक पुलों का उद्घाटन कर सकते हैं। रक्षा विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के हवाले से न्यूज एजेंसी एएनआइ ने यह जानकारी दी है। हिंदू परंपरा के अनुसार सिक्किम में चीन की सीमा के पास तैनात स्थानीय इकाइयों में से एक में ₹शस्त्र पूजा₹ में भी राजनाथ सिंह हिस्सा ले सकते हैं। इस पूजा में योद्धाओं द्वारा दशहरे में हथियारों की सालाना पूजा की जाती है।ब ता दें कि पिछले साल राजनाथ सिंह ने फ्रांस में भारत के पहले राफेल लड़ाकू विमान को प्राप्त करते हुए ऐसा किया था। रक्षा मंत्री उन स्थानों पर भी जा सकते हैं जहां भारत ने चीन द्वारा घुसपैठ की किसी भी संभावित कोशिश को रोकने के लिए बड़ी संख्या में सैनिकों और टैंकों को तैनात किया है। आज केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बिहार में तीन रैलियां करेंगे। वे 12 बजे भागलपुर के कहलगांव विधानसभा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। उनका सन?हौला में कार्यक्रम है। 2.10 बजे बड़हरा (भोजपुर) तथा 03:35 बजे चैनपुर (कैमूर) में राजनाथ सिंह का कार्यक्रम है। बता दें कि बीते दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एक ट्वीट कर बताया था कि वह शाम को राष्ट्र को संबोधित करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने ट्विटर पर मौजूद अपने एकाउंट पर किए इस पोस्ट में हालांकि संबोधन के विषय के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीएम मोदी के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस संदेश को सभी देशवासियों को अवश्य सुनना चाहिए।

## पीएम मोदी ने देश रक्षा में शहीद हुए पुलिसकर्मियों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, एएनआइ।** पुलिस स्मृति दिवस 2020 के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह (अे३ रँ) ने देश रक्षा में शहीद हुए पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। साल 1959 में चीन से सटी भारतीय सीमा की रक्षा में बलिदान देने वाले दस पुलिसकर्मियों की याद में हर साल पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि पुलिस स्मृति दिवस 2020 पूरे भारत में हमारे पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों का आभार व्यक्त करने का दिन है। हम कर्तव्य की पंक्ति में शहीद हुए सभी पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि देते हैं। उनके बलिदान और सेवा को हमेशा याद किया जाएगा।

पीएम ने कहा कि भयावह अपराधों को सुलझाने और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने, आपदा प्रबंधन में सहायता से लेकर कोरोना महामारी से लड़ने तक हमारे पुलिस कर्मी हमेशा बिना किसी हिचक के अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं। हमें नागरिकों की सहायता के लिए उनके परिश्रम और तत्परता पर गर्व है।

वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस स्मृति दिवस पर राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अब तक 35,398 ?कर्मियों ने शहादत दी है, मैं सभी शहीदों के परिवार जनों को कहना चाहता हूं कि ये स्मारक (राष्ट्रीय पुलिस स्मारक) सिर्फ ईंट, पत्थर और सीमेंट से बना स्मारक नहीं है।

# ग्रामीण अंचल

प्रयागराज गुरूवार, 22 अक्टूबर, 2020

## संक्षेप समाचार

### खेत में काम कर रही किशोरी से छेड़खानी

**फूलपुर।** धान के खेत में काम कर रही किशोरी ने गांव के ही युवकों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी। वहीं पुलिस ने मुकदमा आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में खेत से धान की फसल ढों रही किशोरी से गांव के ही शोहदों ने जबरन छेड़खानी कर दी। सूचना पर पिता के द्वारा विरोध करने पर आरोपियों न उसकी पिटाई भी कर दी। युवती का आरोप है कि मंगलवार देर शाम वह अपने खेत से धान की फसल ढो रही थी तभी गांव के ही दो शोहदों ने जबरन उससे छेड़खानी करने लगे। विरोध करने पर जान से मारने कि धमकी भी दी। परिजनों ने छेड़छाड़ के साथ ही मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली में लिखित तहरीर दी। पुलिस ने बुधवार शाम को दोनों शोहदों के खिलाफ छेड़खानी सहित मारपीट कि धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। उक्त के सम्बन्ध में हल्का दरोगा राजेश कुमार से पूछने पर उन्होंने बताया कि छेड़खानी करने सहित मारपीट कि घटना की तहरीर मिली थी। जांच पड़ताल करने के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है जल्द ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## पानी भरते समय कुएं में गिरकर युवक की मौत

**सहसों।** सराय इनायत थाना क्षेत्र कसेरूआ कला गांव निवासी मसुरियादीन भारतीया पुत्र सहादेव भारतीया मंगलवार की रात कुए पर पानी भर रहा थाए अचानक रस्सी टूट जाने पर झटके में कुएं में जा गिरा और मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मसूरियादीन भारतीया मंगलवार की रात 9.00 बजे बाजार से अपने घर आया। घर पर आने के बाद परिवार के साथ खाना खाया ए खाने के बाद आवश्यकतानुसार घर के लिए सामने कुए पर पानी भरने गया थाए पानी भरते समय गरारी पर से रस्सी टूट गई। रस्सी टूटने पर मसुरिया दीन का पैर फिसल गया। जिससे वह कुएं में जा गिराए परिवार के लोग यह देखए जोर.जोर से सोर मचाने लगे शोर सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और मसुरिया दीन भारतीय को बचाने का प्रयास करने लगे परंतु मसुरिया दीन कुऐ के पाल में फस गया था। जिससे उसकी कुऐ में ही मौत हो गईए इसकी सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पुलिस पहुंच कर लाश को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिसकी लिखित तहरीर मसुरियादीन भारतीया की पत्नी गुड्डी देवी ने उचित कार्यवाही के लिए सराय इनायत थाने में दे दी है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी मौत

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के सिंगरामऊ गांव निवासी अनिल कनौजिया 27 वर्ष पुत्र कल्लू कनौजिया बीती रात खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। बुधवार की सुबह काफी देर तक कमरे से नहीं निकलने पर परि जनों ने खिड़की से झांक कर देखा तो वह पंखे पर झूल रहा था। परिजनों के होश उड़ गए। तत्काल दरवाजे को तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो देखा कि उसकी जान निकल चुकी थी। परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना थरवई पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया अनिल कनौजिया पांच भाइयों में दूसरे नंबर का था। वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसकी मौत से पत्नी पूजा सहित स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## नवरात्र से कन्या भ्रूण हत्या नहीं करने की ले प्रतिज्ञा : सरदार पतविंदर सिंह




भ्रूण हत्या के खिलाफ मुहिम में जुटे सरदार पतविंदर सिंह

**करछना।** कन्या भ्रूण हत्या से देश में स्त्री और पुरुष के बीच बिगड़ते संतुलन पर समाजसेवी सरदार पतविंदर सिंह ने क्षेत्र में पदयात्रा करते हुए विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचकर श्रद्धालुओं के बीच यह संदेश दिया की अगर कन्या भ्रूण हत्या पर रोक ना लगी तो नवराज जैसे पर्व में भोज के लिए भी कन्याओं का मिलना मुश्किल हो जाएगा यह बात हर इंसान के दिमाग में कूद रही है वहीं इसके लिए सार्थक पहल किसी के द्वारा भी नहीं की जा रही है जो चिंता का विषय है भ्रूण हत्या में काफी हद तक अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक महिला डॉक्टर,नर्स मददगार है सब कुछ जानते हुए भी उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई प्रशासन द्वारा नहीं होती नवरात्र में कन्या भोज के बगैर अनुष्ठान पूरा नहीं होता सातवीं से लेकर नवमी, दसवीं तक घरों में महिलाएं दस्तक देने लगती हैं जहां कन्या होती हैं तीन दिन तक कन्याएं इतनी व्यस्त होती हैं कि भोजन खिलाने के लिए उनके पीछे पीछे लोग दौड़ते रहते हैं। कौशल किशोर ने कहा कि जिस तरह गर्भ में पल रही कन्याओं को मार दिया जा रहा है उससे तो यही सवाल उठने लगा है कि आने वाले समय में कन्या भोज के लिए कन्याएं कहां से मिलेंगी नर्सिंग होम में अल्ट्रासाउंड के बाद बेटी होने पर डॉक्टर गर्भपात करा देती हैं। संजय श्रीवास्तव ने कहा कि समाजसेवी सरदार पतविंदर सिंह द्वारा यह मुहिम चलाकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है लेकिन गैर कानूनी कार्य में अल्ट्रासाउंड सेंटर का संचालन, महिला डाक्टर और स्टाफ नर्स की बराबर की भागीदारी होती है दिखाने के लिए सभी अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर एक बोर्ड लगाकर लिंग परीक्षण गैरकानूनी होने की बात लिखी रहती है परंतु इसका पालन नहीं किया जाता शासन-प्रशासन की कवायद भी सिर्फ कागजों पर सिमट कर रह गई है।

समाजसेवी सरदार पतविंदर सिंह ने कहा कि बेटियों की जिंदगी की भीख मांग रहा हूं बेटियों को परिवार का गौरव माने उन्हें सम्मान दें कन्या भ्रूण हत्या करके पैसा कमाने वाले चिकित्सकों से कहां कि जिंदगी बचाने के लिए आपको मा ने पढ़ाया, ना की कोख में बच्चियों को मारने के लिए, उन्होंने कहा कि यदि बेटी नहीं बचेगी तो बहू कहां से आएगी बेटियों को बेटों की तरह पोषण, शिक्षा, सम्मान,अवसर देना चाहिए बेटी पैदा होने पर जश्न मनाए उसी के नाम से घर पर दो पौधे भी लगाएं। महेश मुन्ना पाल ने कहा कि विज्ञान का उपयोग अनुकूल होना चाहिए ना कि प्रतिकूल विज्ञान की मदद से गर्भ में कन्या भ्रूण है तो उसकी हत्या करने को उन्होंने संगीत अपराध बताया साथ ही इस तरह की हत्या को रोकने के लिए उन्होंने विद्यार्थियों और उपस्थित जनसमुदाय को शिक्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया कार्यक्रम का संचालन जगह-जगह दलजीत कौर ने किया' कन्या भ्रूण हत्या नहीं करेंगे,नहीं करेंगे, जन जागरूकता अभियान में स्वयंसेवक के रूप में हरमन जी सिंह, सूर्य प्रताप, गोविंद तिवारी, अर्चना, रश्मि, समृद्धि, ने बढ़ चढ़कर अभियान में जुड़े हुए हैं।

## डॉक्टर की लापरवाही से गई प्रसूता महिला की जान

### आपरेशन के दौरान पेट में ही छूट गया था ब्लेड



**प्रयागराज।** डॉक्टर को समाज में भगवान का रूप दिया गया है पर डॉक्टर अपनी गलतियों से बाज नहीं आ रहे हैं। डॉक्टर की लापरवाही की वजह से एक प्रसूता महिला की जान चली गई। ऑपरेशन के दौरान डॉक्टर ने प्रसूता महिला के पेट में ब्लेड छोड़ दी थी। जिसकी वजह से प्रसूता महिला की बुधवार को मौत हो गई। मामला प्रयागराज शहर के धूमनगंज थाना क्षेत्र में मुंडेरा स्थित एक निजी अस्पताल के चिकित्सक की लापरवाही की बात सामने आई है। डॉक्टर पर आरोप है, कि प्रसूता के आपरेशन के दौरान पेट के अंदर ब्लेड छोड़ दिया था। कुछ दिन बाद महिला की हालत बिगड़ी तो परिजन उसे प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने महिला के पेट से ब्लेड तो निकाल लिया लेकिन उसकी हालत नहीं सुधरी बुधवार को उसकी मौत हो गई। कौशांबी जनपद में पिपरी थाना इलाके के फतेहपुर-सहावपुर गांव निवासी लवकुश खेती-किसानी करता है। उसकी 25 वर्षीय पत्नी सविता गर्भवती थी। उसका प्रयागराज के मुंडेरा स्थित एक निजी अस्पताल में 10 दिन पहले प्रसव के लिए आपरेशन कराया गया था। सविता ने एक पुत्री को जन्म दिया। सविता के परिवार वालों का आरोप है, कि आपरेशन के दौरान डॉक्टर ने उसके पेट के अंदर ही ब्लेड छोड़ दिया। कुछ दिन बाद महिला की तबीयत खराब हो गई। परिवार के लोग उसे एसआरएन अस्पताल ले गए। परिजनों का कहना है कि डॉक्टरों ने पेट से ब्लेड निकाला लेकिन उसके हालत में सुधार नहीं हुआ। बुधवार की सुबह उसकी मौत हो गई। परिजनों ने इसकी शिकायत थाने में अभी तक नहीं की है 'अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव लेकर लौटे परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है। हालांकि मामले को लेकर अभी पुलिस से शिकायत नहीं की गई है। बिन मां के नवजात शिशु की देखरेख कौन करेगा, ये सोच कर परिवार के लोगों का रो-रो कर हाल बेहाल है।

### पुलिस की प्रताड़ना से युवक सदमे में, बिगड़ा युवक का मानसिक संतुलन, एसएसपी से लगाई गुहार

**करछना।** क्षेत्र के नौवा गांव में एक जमीनी मामले को लेकर चल रहे पुराने विवाद को सुलझाने की बात कह कर करछना पुलिस पीडिंत पक्ष के एक युवक को थाने उठा लाई ।युवक की इतनी पिटाई की गई कि उसका मानसिक संतुलन भी बिगड़ गया ।मामले को लेकर युवक के परिजनों एसएसपी प्रयागराज से पुलिस द्धारा उत्पीड़न को लेकर गुहार लगाई है ।गांव निवासी युवक आकाश कुमार कुशवाहा को बीते 9 अक्तूबर को पुलिस उसके घर से थाने उठा लाई और पिटाई के बाद सुबह शांतिभंग में उसका चालान कर दिया ।इस बीच मजिस्ट्रेट के सामने युवक ने पुलिस द्धारा प्रताड़ना की आपबीती सुनानी चाही तो करछना पुलिस ने डाट डपट कर चुप करा दिया ।युवक के परिजनों का आरोप है कि पुलिस की मिलीभगत के चलते विवादित जमीन पर एक पक्ष का कब्जा कराने कोशिश कर रही है ।युवक के पीटे जाने की चर्चा क्षेत्र के कई गांवों में चर्चा का विषय बनी हुई है। इस बावत क्षेत्राधिकारी करछना सोमेंद मीना से पूछें जाने पर ऐसी किसी घटना पर अनभिज्ञता जताई और कहा कि शिकायत मिलने पर जांच कराई जायेगी की बात कही।

## महिलाओं के प्रति लोगों को सोच बदलने की जरूरत : अनय




छात्रों को शपथ दिलाते प्रधानाचार्य व अन्य

**शंकरगढ़।** महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति के तहत राजा कमलाकर इंटर कॉलेज, शंकरगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने नारी सुरक्षा और सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी हर किसी को उठानी होगी। लोग अपनी सोच में बदलाव लाएं, तभी आधी आबादी की सुरक्षा और मजबूती का उद्देश्य पूरा हो सकेगा। उन्होंने महिलाओं और बेटियों से भी अपील किया कि वह अपने सम्मान और सुरक्षा के लिए खुद आगे आएं।

कॉलेज के वरिष्ठ अध्यापक रामबोध खरवार ने नारी सुरक्षा और सम्मान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का कुशल संचालन स्काउट मास्टर ओपी धारिया ने किया। इस दौरान प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने सभी शिक्षकों व छात्रों को इसके संबंध में शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने दीप जलाकर किया। इस कार्यक्रम में हरिकृष्णा, राकेश चंद्र मिश्र, सीपी सिंह, अरविंद कुमार गौतम, पन्नालाल, बृजेश कुमार यादव, प्रदीप सिंह, सिद्धार्थ तिवारी, कमलापति त्रिपाठी और शीतल सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### विधायक ने किया निजी अस्पताल का उद्घाटन

**उत्तरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के बलीपुर फ्लाईओवर हाईवे के पास जीवन रक्षा हॉस्पिटल व पुष्पा पटेल फाउंडेशन का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल ने फीता काटकर निजी अस्पताल का उद्घाटन करते हुए कहा कि क्षेत्र में एक अच्छे अस्पताल खुल जाने से लोगों को अब दूर व अन्य जिलों में जाने की जरूरत नहीं है। मरीजों के लिए यहां बेहतर सुविधा की व्यवस्था कराई गई है। अब लोगों को लखनऊ दिल्ली जैसे शहरों में जाने की जरूरत नहीं है ।यहीं पर अच्छी सुविधाएं का लाभ उठा सकते हैं। हॉस्पिटल हर सुविधाओं से लैस हैं उन्होंने आगे कहा कि जीवन रक्षा हॉस्पिटल एक फाउंडेशन भी है ।विधायक ने हॉस्पिटल सञ्चालक डॉ जितेन्द्र कुमार पटेल को नया अस्पताल खोलने का धन्यवाद दिया ।इस अवसर पर शिविर लगाकर सैकडों मरीजो का निशुल्क इलाज भी किया गया। इस अवसर पर डॉ पवन उपाध्याय, डॉ कादरी छैला, नन्दन गुप्ता, संजय भारती, आनन्द गुप्ता, रण विजय पाल, अविनाश, योगेश प्रधान, फैयाज, राजेश, शिव प्रकाश, अविनाश आदि लोगो ने निजी नई अस्पताल खुलने से खुशिया मनाई।

## देशी तंमचे व बम के साथ युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे



पुलिस की गिरफ्त में युवक

**करछना।** इन दिनो पुलिस द्धारा चलाये जा रहे अभियान के तहत बुधवार को पुलिस ने एक युवक को देशी तमचा और दो जिन्दा बम के सात रगें हाथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रो के अनुसार मोहित पुत्र सन्तलाल निवासी बीरपुर थाना मेजा को बरम की मोरी भीरपुर सडक के किनारे गुमटी पर खडा था जिसे देखकर पुलिस को शक हुआ जिसकी तलाशी ली गई तो उसके 315 बोर देशी तमचा व दो जिन्दा बम बरामद किया। जिसे आम्स एक्ट और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत बुधवार को मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वालों में थाना प्रभारी करछना अनिल सिंह और उनके हमराही साथी शामिल रहे ।

### भाजपा ने दीनदयाल के अंत्योदय का सिद्धांत लागू किया : संजय गुप्ता

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय का सिद्धांत लागू करने का कार्य किया, जो समाज के अंदर दिखाई भी पड़ रहा है। हमारी केंद्र एवं प्रदेश की सरकार पिछले छह वर्षों में जो भी योजनाएं बनाती है उनमें मुख्य बिंदु के रूप में समाज के अंदर रहने वाले गरीबों के हितों को देख कर बनाई जाती है और उसका लाभ उन तक बिना किसी बिचैलिए के प्रत्यक्ष रूप से पहुंचे इसकी भी व्यवस्था की जाती है। उक्त विचार चायल के भाजपा विधायक संजय गुप्ता ने मंगलवार को चैक मंडल में चल रहे प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन पिछले छह वर्षों में हुई अंत्योदयी प्रयत्न पर व्यक्त किया। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि भाजपा सरकार गरीबों, मजदूरों, पिछड़ों, व्यापारियों, किसानों एवं गरीब सवर्णों की भी चिंता करती है। उनके लाभ लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनके जीवन में प्रकाश लाने का कार्य कर रही है। उन्होंने अंत्योदयी प्रयत्न का उदाहरण देते हुए कहा कि भाजपा एक ऐसा दल है जहां कार्यकताओं को ही सबसे बड़ा पदाधिकारी माना जाता है और सबसे बड़े पद पर सुशोभित किया जाता है। इससे बड़ा अंत्योदय प्रयत्न का जीता जागता उदाहरण किसी और दल में नहीं देखा जा सकता। अंत में उन्होंने कहा कि मैं भी एक गरीब परिवार का बेटा हूं। भाजपा ने आज हमें विधायक बनाया जिसके कारण आज मैं समाज के सभी लोगों की सेवा कर रहा हूं। मेरे लिए भाजपा कार्यकर्ता का पद आईएएस एवं आईपीएस पीसीएस के पद से भी बड़ा एवं ऊंचा मायने रखता है। वहीं भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी के नेतृत्व में माधव ज्ञान केंद्र खरकौनी में नैनी मंडल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। महानगर अध्यक्ष ने भाजपा का इतिहास एवं विकास पर मार्गदर्शन उपस्थित कार्यकताओं को दिया। इस अवसर पर रणजीत सिंह, अमरनाथ यादव, देवेंद्र नाथ मिश्रा ने नैनी मंडल के एवं कमलेश, अवधेश चंद्र गुप्ता, शैलेश चंद्र, अनीता सचान एवं यज्ञदत्त शर्मा ने चैक मंडल के प्रशिक्षण शिविर में अपने अपने निर्धारित विषयों पर मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता दिलीप केसरवानी एवं दिनेश विश्वकर्मा ने की एवं संचालन पार्षद ओपी द्विवेदी एवं रामजी मिश्रा ने किया। शिविर में मुख्य रूप से दिगंबर त्रिपाठी, राजेश केसरवानी, विवेक अग्रवाल, राजू पाठक, विश्वास श्रीवास्तव बबलू तिवारी, लक्ष्मी कांत तिवारी, राजन शुक्ल, ओम प्रकाश मिश्र, विनोद तिवारी, अनुराधा सिंह, बबिता मिश्र, राकेश जैस्वाल, नरसिंह, मयंक यादव, अजीत जैस्वाल, राजेश तिवारी, पंकज त्रिपाठी, विद्या सिंह, समर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## कोविड-19 : बिना प्रजा के निकली मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की बारात



शंकरगढ़ में राम बारात में शामिल लोग

**शंकरगढ़।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की बारात बुधवार को कोरोना के संक्रमण का शिकार नजर आई। आम दिनों में यही बारात गाजे-बाजे के साथ सैकड़ों लोगों की भीड़ के साथ नजर आती थी, लेकिन बुधवार को कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए नगर पंचायत शंकरगढ़ में राम बारात निकाली गई। बारात में कुछ गिने-चुने लोगों ने ही सहभागिता की।

बताते चलें कि शारदीय नवरात्रि के शुरू होते ही राजभवन शंकरगढ़ परिसर में ऐतिहासिक रामलीला का मंचन शुरू हो जाता है। इस बार जय बजरंगबली कमेटी के कलाकारों द्वारा रामलीला का मनमोहक मंचन किया जा रहा है। बुधवार को नगर पंचायत शंकरगढ़ के रामभवन से राम बारात निकाली गई। यह बारात पुरानी बाजार, सदर बाजार, लाइनपार समेत कई अन्य मोहल्लों से गुजरी। इस दौरान दूर से ही लोगों ने राम बारात पर पुष्प वर्षा की और श्रीराम का जयकारा लगाया। जगह-जगह पर भगवान श्रीराम की आरती भी उतारी गई। बता दें कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए इस वर्ष शंकरगढ़ कोठी में रामलीला के मंचन और यहां जुटने वाली भीड़ के लिए तमाम तरह की पाबंदियां लगाई गई हैं। रामलीला देखने के लिए लोगों को मास्क के साथ यहां आना होगा। यहां पर दर्शकों की संख्या भी काफी सीमित रखी गई है ताकि कोरोना का संक्रमण फैलने न पाए।

## दशहरे से पहले बोनस का भुगतान नही तो रेल कर्मचारी परिवार सहित बड़े आन्दोलन के लिए तैयार : मनोज पाण्डेय



मनोज पाण्डेय

**कोरांव।** इण्डियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन कोर ग्रुप की मीटिंग हुई, इस मीटिंग में रेल कर्मचारियों को मिलने वाले बोनस, रेलवे के निगमीकरण/ निजीकरण, महंगाई भत्ते एवं रात्रि कालीन ड्यूटी भत्ते में कटौती करने समेत कई मुद्दों पर विचार विमर्श करके निर्णय सर्वसम्मति से आंदोलन करने का निर्णय लिया गया ।

मीटिंग को सम्बोधित करते हुए इण्डियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कामरेड मनोज पाण्डेय ने कहा कि रेल मंत्रालय सालना उत्पादकता बोनस (PLB) को मंजूरी देने में देरी कर रहा है, सरकार महंगाई भत्ते व रात्रि कालीन ड्यूटी भत्तों में भी कटोती कर रही है,। कर्मचारी के प्रति सरकार के इस ढिलमुल रवईये वाली नीति को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने दशहरे से पहले बोनस का भुगतान नहीं किया तो रेल कर्मचारी परिवारों समेत बड़े आंदोलन की और बढ़ जाएँगे व इससे होने वाले नुकसान के लिए रेल प्रशाशन एवं केंद्र सरकार ज़िम्मेदार होगी । मीटिंग को सम्बोधित करते हुए के राष्ट्रीय महासचिव श्री सर्वजीत सिंह ने कहा कि इंडियन रेलवे इम्पलाईज फैडरेशन ने रेलवे के निजीकरण/निगमीकरण करने, प्राईवेट ट्रेन चलाने, स्टेशनों व उत्पादन इकाइयों को प्राईवेट हाथों में देने के खिलाफ रेलवे में कार्यरत सभी संघर्षशील यूनियनों/ एसोसिएशनों का साँझा प्लेटफार्म बना लिया है व जल्द ही बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि भारतीय रेल की सातों उत्पादन इकाइयां जो भारी मुनाफे में हैं, उन्हें निजी हाथों में देने के सरकार के प्रयासों का मुँहतोड़ जवाब दिया जाएगा ।

### कोरोना की जांच कराने गए और निकल आई टीबी

**प्रयागराज।** कोरोना संक्रमण को लेकर रोज नई-नई जानकारी सामने आ रही है। इस बार मामला कोरोना की जांच में निगेटिव आए लोगों से जुड़ा है। संक्रमण से तो बच गए लेकिन टीबी की चपेट में आ गए। जिला क्षय रोग अधिकारी की ओर से कराए गए सर्वे में यह तथ्य सामने आया है। अबतक दस टीबी के मरीज मिले हैं। क्षय रोग के नोडल अफसर डॉ आरके पांडेय के अनुसार, कोरोना व टीबी के मरीजों के शुरूआती लक्षण एक समान होते हैं। खांसी, बुखार, गले में खराश, भूख न लगना जैसे लक्षण दोनों रोगों में होते हैं। मौजूदा हालत को देखते हुए संबंधित व्यक्ति भ्रम की स्थिति में रहता है। कोरोना की आशंका में उसका ध्यान टीबी की तरफ जाता ही नहीं है। जिला क्षय रोग अधिकारी की ओर से कोरोना जांच में निगेटिव आए लोगों का सर्वे कराया गया। करीब 20 दिन से चल रहे सर्वे में करीब सौ लोगों के बारे में जानकारी ली गई। उनकी छोटी से छोटी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी पर ध्यान दिया गया।

## अंत्योदय कार्डधारक एक साथ ले सकेंगे तीन माह की चीनी : अमित



अमित चौधरी



**करछना।** कोरोना संक्रमण काल में गरीब परिवारों को भोजन की समस्या न हो, इसके लिए अक्टूबर से वितरित होने वाली चीनी अंत्योदय कार्डधारक तीन माह की ले सकेंगे। 21 अक्टूबर से शुरू होने वाले द्वितीय चक्र में चीनी वितरण के निर्देश सभी कोटेदारों को दिए गए हैं। अब तक गेहूं व चावल का वितरण किया जा रहा था। इसके बाद अक्टूबर से तीन माह तक प्रति कार्ड पर एक किलो चीनी का वितरण भी होना है। खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से सभी कोटेदारों को निर्देश दिए गए हैं। 21 अक्टूबर से शुरू होने वाले द्वितीय चक्र में कोटेदार चीनी का वितरण करेंगे। अंत्योदय कार्डधारकों को 18 रुपये की दर से एक बार में ही तीन माह की चीनी का वितरण किया जाएगा। वहीं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए नोडल अधिकारियों को दुकान पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। कोटेदारों को भी कोरोना महामारी से बचाव के लिए मास्क, सैनिटाइजर सहित अन्य सुरक्षा मानकों का पालन करना है। करछना पूर्ति निरीक्षक अधिकारी अमित चौधरी ने बताया कि अंत्योदय कार्ड धारक एक साथ तीन महीने तक की चीनी ले सकते हैं। इसके लिए सभी कोटेदारों को निर्देशित किया गया है।

### कोरांव पुलिस हमलावर को नहीं कर सकी गिरफ्तार, पियरी गांव की घटना से जनाक्रोश

**कोरांव।** कोरांव में हत्या आदि जैसी जघन्य घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है ।के घटनाओं में पुलिस ने अभी तक नहीं किया खुलासा। चाहे कोसफरा गांव की घटना हो या फिर और कहीं की घटना। गत सप्ताह 11अक्टूबर 20 को 18 वर्षीय ग्राम पियरी के हरिकृष्ण पटेल के पुत्र सत्यम सिंह की गोंडा पर सोते समय अज्ञात लोगों ने निर्मम तरीके से जान से मारने के उद्देश्य से हमला किया था,जिसकी उपचार के दौरान कल मौत हो गई। घटना में पुलिस ने अज्ञात में हत्या प्रयास का केस दर्ज किया था। किन्तु पुलिस हमलावर को पकड़ नहीं सकी थी। जब युवक की मौत हो गई तो पुलिस ने हत्यारे की तलाश में जुटी। चर्चा है कि पुलिस ने कुछ को उठाया हैं। पोमा के बाद शव को पुलिस बल की मौजूदगी में देर शाम दाह संस्कार कर दिया गया। घटना से गांव में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने हत्या का मुकद्दमा दर्ज कर लिया है। इस घटना को लेकर पुलिस के खिलाफ आम जनों का गुस्सा तेज हो गया है।

## संक्षेप समाचार

### गरीब बेटियों की सेहत, शिक्षा सुधार रहीं अंजलि

**प्रयागराज।** अपने लिए तो हर कोई जीता है लेकिन यदि जीवन का उद्देश्य दूसरों की भलाई बन जाए तो उससे प्रेरणादायक व नेक काम कुछ नहीं होता। कुछ इसी तरह की सेवा भावना से मुंडेरा की अंजलि सिंह सार्थक कार्य में जुटी हैं। वे शहर की मलिन बस्तियों में लड़कियों की शिक्षा और सेहत का ख्याल रखती हैं। वे महिलाओं और लड़कियों को निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन देती हैं। उन्हें सेहत की दृष्टि से उसके उपयोग और महत्व के प्रति जागरूक करती हैं। अंजलि ने बताया कि महिलाओं की झिझक को दूर करना बहुत मुश्किल था। लेकिन बार-बार प्रयास करने के बाद वे सेहत के प्रति जागरूक हो सकीं। अंजलि एक ज्योति शिक्षा की मुहिम के तहत गरीब बच्चियों को शिक्षित भी कर रही हैं। कोरोना काल में सीएमपी डिग्री कॉलेज व अलोपीबाग के पास स्थित मलिन बस्तियों की बच्चियों को पढ़ाया व जागरूक किया। उन्हें बैग, कॉपी किताब मुहैया कराया। जो लड़कियां सिलाई, कढ़ाई व पीको का काम जानती थीं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद कर रही हैं।

## मोबाइल रिचार्ज कराने के चक्कर में रिटायर्ड कर्मचारी ने गवाया 17 लाख 78 हजार रुपए

**प्रयागराज।** साइबर अपराधियों के हौसले दिनों दिन बुलंद होते जा रहे हैं। किसी ना किसी को अपने जाल में फंसा कर खाते से मोटी रकम गायब कर दे रहे हैं। ऐसा ही मामला एक प्रयागराज में आया है। सेवानिवृत्त कर्मचारी के खाते से 17 लाख रुपये गायब हो गए। इस मामले में 3 लोगों पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। जानकारी के अनुसार कीडगंज खलासी मोहल्ले में रहने वाले घनश्याम 3 माह पहले केंद्रीय आयुध भंडार छिवकी से सेवानिवृत्त हुए थे। मोबाइल रिचार्ज कराने के चक्कर में उनके खाते से 17 लाख 78 हजार रुपये उड़ गए। पीड़ित रिटायर्ड कर्मचारी घनश्याम ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआइ) बाई का बाग ब्रांच के मैनेजर अविनाश शुक्ला व राहुल समेत तीन के खिलाफ साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। कीडगंज थाना क्षेत्र के खलासी लाइन मुहल्ले में रहने वाले घनश्याम का खाता एसबीआइ बाई का बाग में है। एफआइआर के मुताबिक, बीते माह उन्होंने योनो अप्लीकेशन के जरिए



598 रुपये का रिचार्ज अपने बैंक खाते से किया। पैसा कटने के बावजूद रिचार्ज नहीं हुआ तो उन्होंने बैंक में जाकर शिकायत की। फिर संबंधित संचार कंपनी के दफ्तर में दो बार शिकायत की। इसके बाद भी रुपये वापस नहीं आए।

पांच दिन पहले घनश्याम के पास एक अनजान नंबर से कॉल आई और उसने खुद को संचार कंपनी का कर्मचारी राहुल बताया। फिर उसने खाता व आइएफससी कोड पूछा। कुछ देर बाद रिटायर्ड कर्मचारी के खाते से 598 रुपये वापस आ गए। इसी दौरान शातिर ने घनश्याम को अपने झांसे में फंसा लिया और मोबाइल पर आने वाली ओटीपी भी पूछता रहा। कई बार में लाखों रुपये कट गए। बेटे का फोन आने पर पता चला कि बैंक खाते से पैसा कट रहा है। तब उन्होंने बैंक जाकर ब्रांच मैनेजर अविनाश शुक्ला से शिकायत करते हुए खाता बंद करने का अनुरोध किया।

## 69000 शिक्षक भर्ती : त्रुटि संशोधन की मांग को लेकर तीसरे दिन दिया धरना

**प्रयागराज।** प्राइमरी स्कूलों में 69000 सहायक अध्यापक भर्ती के आवेदन में त्रुटि संशोधन की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने बुधवार को लगातार तीसरे दिन बेसिक शिक्षा परिषद कार्यालय के बाहर धरना दिया। अपनी मांगों के समर्थन में अभ्यर्थियों ने परिसर में झाड़ू लगाकर गांधीगिरि भी की।

हालांकि उनसे मिलने कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। वाराणसी से धरने में पहुंची एक अभ्यर्थी शालिनी पांडेय फूट-फूटकर रोने लगी। 31277 अभ्यर्थियों की सूची में शामिल शालिनी ने वाराणसी में काउंसिलिंग करा ली है लेकिन प्राप्तांक के कॉलम में 825 की जगह 835 लिखा होने के कारण उसे नियुक्ति पत्र देने से मना कर दिया गया है। अभ्यर्थियों का कहना है कि महानिदेशक स्कूली शिक्षा विजय किरन आनंद ने मंगलवार को पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से लखनऊ में मुलाकात की थी लेकिन त्रुटि संशोधन को लेकर कोई ठोस पहल नहीं हो रही। दूसरी ओर शासन ने 31277 की लिस्ट में शामिल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जारी करने का आदेश भी बुधवार को दे दिया है। ऐसे में मामूली त्रुटि के कारण हाई मेरिट वाले सैकड़ों अभ्यर्थी बाहर हो रहे हैं। पुलिस की चेतावनी के कारण अभ्यर्थियों ने प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 5 बजे तक धरना देने का निर्णय लिया है।



तीसरे दिन धरने पर बैठे अभ्यर्थी

## रेलकर्मी बोनस को लेकर आज दो घंटे प्रयागराज में नहीं करेंगे काम

**प्रयागराज।** इस दीवाली पर रेलवे कर्मचारियों के चेहरे पर खुशी नहीं नजर आएगी। ऐसा इसलिए कि इस बार उन्हें दीवाली का बोनस नहीं मिल पाया है। बोनस न मिलने से नाराज प्रयागराज के रेल कर्मियों में असंतोष है। वे विरोध-प्रदर्शन की रणनीति बना रहे हैं। कर्मचारियों के साथ सभी यूनियनों ने एक सुर में अपने हक के लिए आवाज उठाई है। इसी क्रम में नार्थ सेंट्रल रेलवे मेन्स यूनियन (एनसीआरएमयू) ने इसके विरोध में 22 अक्टूबर यानी गुरुवार को दो घंटे काम बंद करने का निर्णय लिया है। इसके तहत कर्मचारी कार्यों से विरत रहेंगे।

नार्थ सेंट्रल रेलवे मेन्स यूनियन (एनसीआरएमयू) ने बोनस नहीं देने की सरकार की नीयत व नीति के बारे में कर्मचारियों को जागरूक किया। महामंत्री आरडी यादव ने कहा कि रेल कर्मचारियों को बोनस देना कोई एहसान नहीं। उन्होंने कहा कि इस दौरान माल ढुलाई 15 फीसद अधिक हुई। यह कर्मियों के दम पर ही हुआ है। आरडी यादव ने कहा कि इसके विरोध में 22 अक्टूबर को दो घंटे के लिए रेलकर्मी कार्यों से विरत रहेंगे। उधर ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन की ओर से प्रयाग स्टेशन पर भोजन अवकाश में प्रदर्शन किया गया और केंद्र सरकार के विरोध में नारेबाजी हुई।

अपने हक के लिए रेलकर्मियों ने एकजुट होकर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस बार उन्हें बोनस नहीं दिया गया है। बोनस की मांग को लेकर रेलवे कर्मचारियों की यूनियनों ने बैठकें, धरना-प्रदर्शन, रैली निकाल कर्मियों को जागरूक करना शुरू कर दिया है। जल्द बोनस की घोषणा नहीं की गई तो वे कामकाज ठप करेंगे।

नेशनल फेडरेशन आफ इंडियन रेलवे मेंस (एनएफआइआर) और नार्थ सेंट्रल रेलवे इम्पलाइज संघ (एनसीआरईएस) के आह्वान पर रेलकर्मियों ने प्रदर्शन किया। रेलकर्मियों ने रैली निकाली और बोनस न मिलने पर नाराजगी जताई।

एनसीआरईएस के महामंत्री आरपी सिंह ने कहा कि बोनस की जल्द घोषणा न हुई तो रेल का चक्काजाम किया जाएगा। मंडल मंत्री गोविंद सिंह ने कहा कि कोरोना वायरस काल में लॉकडाउन के बावजूद रेलकर्मियों ने जरूरी सेवाएं दी। इसलिए कर्मियों को बोनस मिलना चाहिए। कर्मचारी यूनियन बैठक कर समस्या के समाधान के लिए मंथन कर रही हैं। बोनस के लिए रेलमंत्री से वार्ता भी की गई। फिर भी कोई नतीजा नहीं निकल सका है।

## नवनियुक्त शिक्षकों के वेतन भुगतान के लिए दिया धरना

**प्रयागराज।** सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के नवनियुक्त शिक्षकों के चार माह से लंबित वेतन का भुगतान करने समेत अन्य मांगों के समर्थन में शिक्षक संघ ठकुराई गुट ने बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना दिया। अपनी मांगों के समर्थन में संगठन के प्रदेश महामंत्री लालमणि द्विवेदी ने प्रभारी सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक केके त्रिपाठी को ज्ञापन दिया। एनपीएस से आच्छादित शिक्षकों-कर्मचारियों की पिछले वर्ष आगणित कराई गई मई 2016 के पूर्व के अवशेष नियोक्ता अंशदान तथा उस पर मिलने वाले ब्याज की धनराशि को शीघ्र खातों में ट्रांसफर करने तथा माध्यमिक विद्यालयों से संलग्न प्राइमरी के शिक्षक-शिक्षिकाओं की एनपीएस कटौती शीघ्र शुरू करने की मांग की।

लालमणि द्विवेदी ने कहा कि बिना सत्यापन शिक्षकों का 4 माह से वेतन भुगतान नहीं हो रहा है।



वेतन भुगतान के लिए धरने पर बैठे शिक्षक

अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार शुक्ल ने की। पूर्व प्रधानाचार्य शशिकांत मिश्र, बीएन त्रिपाठी, महेंद्र जैन, रामविजय सिंह, विजय प्रताप सिंह, मऊद आलम, स्वतंत्र कुमार, अंजनी कुशवाहा, इमरान खान, अजय कुमार विश्वकर्मा, सुभाष चंद्र, संजय सिंह, योगेश कुमार मिश्र, नीलरतन चौधरी, अशोक यादव, मोहन चौधरी, महेंद्र पटेल, जितेंद्र पांडेय सहित कुल 20 लोग उपस्थित थे।

## ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में छात्र संसद, मंत्रिपरिषद ने ग्रहण की शपथ

**प्रयागराज।** ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में छात्र संसद का गठन कर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर काशी प्रांत के प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह ने मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों को शपथ ग्रहण कराया। मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों ने पद और गोपनीयता की शपथ लेकर अपने कार्यों को ईमानदारी से पूरा करने को कहा। शपथ ग्रहण समारोह की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई। इस मौके पर प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र ने अतिथियों का परिचय नवनियुक्त छात्र संसद के प्रधानमंत्री व सेनापति से कराया। मुख्य अतिथि सीओ सिविल लाइंस अजीत सिंह चैहान ने छात्र संसद के प्रधानमंत्री अतुल्य व सांसदों को शपथ ग्रहण कराया। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें प्रदेश निरीक्षक, काशी प्रांत रामजी सिंह ने मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों को शपथ ग्रहण कराया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने कहा कि छात्र संसद भारतीय लोकतंत्र का प्रथम सोपान है। छात्रों में राजनीतिक मूल्य, नागरिक कर्तव्य भी भली प्रकार से विकसित होने चाहिए। मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यालय केवल छात्रों के ज्ञान के विकास करने वाला संस्थान नहीं होता अपितु यह सर्वांगीण विकास का केंद्र होता है। हम सब को अपने मूल्यों को नहीं भूलना चाहिए। छात्र संसद के अध्यक्ष युगल किशोर मिश्र ने बताया कि छात्र संसद का चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया के आधार पर निष्पक्ष एवं गुप्त मतदान के आधार पर हुआ है। कार्यक्रम का संचालन अर्पिपत मिश्र ने किया। अंत में छात्र संसद के उपाध्यक्ष संतोष पांडेय ने सभी का आभार ज्ञापन किया। इस अवसर पर दीपक यादव, पवन दीक्षित, विजय यादव, विजय मौर्य, अरिमर्दन सिंह, सरोज द्विवेदी, विजय यादव, अजीत आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं को किसी से डरने की जरूरत नहीं

**प्रयागराज।** मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में नारी सशक्तीकरण सप्ताह के चौथे दिन प्रीतम दास ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने किया। महापौर ने कहा कि महिलाओं को किसी से डरने की जरूरत नहीं है।

नर्सिंग छात्राओं की ओर से दहेज प्रथा पर नाटक का मंचन किया गया। वहीं, एमबीबीएस व नर्सिंग छात्राओं ने संयुक्त रूप से महिला सुरक्षा पर नाटक व डांस की प्रस्तुति की। महापौर ने कहा कि महिलाएं खुद की सुरक्षा व स्वास्थ्य पर ध्यान दें। उन्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी महिलाओं ने कोरोना काल में विशेष योगदान दिया है। प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह ने भी संबोधित किया। पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. वत्सला मिश्र ने बताया कि बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईजी केपी सिंह होंगे। महिला सुरक्षा पर केंद्रित लघु फिल्म दिखाई जाएगी।

## कानपुर में नया मेमू शेड जनवरी 2021 तक कमीशनिंग के लिए लक्षित

**प्रयागराज।** मेन लाइन इलेक्ट्रिकल मल्टीपल यूनिट्स सामान्य यात्री ट्रेनों की तुलना में तेजी से रफ्तार पकड़नेए कम दूरी पर ब्रेकिंग प्रक्रिया और अधिक यात्रियों के परिवहन की क्षमता से लैस होती हैं। उन्नत 3 फेज एसी तकनीक पर आधारित मेमू ऊर्जा दक्ष एवं पर्यावरण के अनुकूल होने के कारण अधिक ठहराव वाली छोटी और मध्यम दूरी की यात्रा के लिए बेहतर विकल्प है। डिस्ट्रीब्यूटेड पॉवरिंग और इलेक्ट्रोन्यूमेटिक ब्रेकिंग सिस्टम से युक्तए ये ट्रेनें निश्चित गति प्राप्त करने में कम समय लेती हैं और ब्रेकिंग दूरी भी लोकोमोटिव वाली पारंपरिक पैसेंजर ट्रेनों के तुलना में कम होती हैए जिससे उन्हें अधिक ठहराव वाली यात्रा के लिये उपयुक्त माना जाता है। इसके अतिरिक्त ए दोनों छोर पर ड्राइविंग यूनिट से लैस मेमू गाड़ियां उन पारंपरिक यात्री गाड़ियों जिन्हे वापसी की यात्रा के लिये इंजन के रिवर्सल की आवश्यकता होती हैए की तुलना में बहुत तेजी से यात्रा पूरी कर सकती हैं। यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने के लिए सभी नए मेमू रेकों के डिब्बे पर्यावरण के अनुकूल बायो टायलेटए वॉशबेसिनए आरामदायक सीटेंए स्टेनलेस स्टील फिटिंगए एलईडी लाइटिंगए उच्च क्षमता के पंखेए मोबाइल चार्जिंग पॉइंट आदि से सुसज्जित हैं। एक ड्राइविंग मोटर कार और तीन ट्रेलर डिब्बों के संयोजन वाले 04 डिब्बों की इस इकाई को यातायात की आवश्यकता अनुरूप 16 डिब्बों लम्बी संरचना में साथ जोड़ा जा सकता है।

मेमू रेक पहले से ही उत्तर मध्य रेलवे में चल रही है और लॉकडाउन से पहले लगभग 74 सेवाएं चल रही थीं। वर्तमान में उत्तर मध्य रेलवे में मेमू के लिए कोई रखरखाव की सुविधा नहीं है और इन सभी रेकों को नियमित और संरक्षा संबंधी रखरखाव गतिविधियों के लिए उत्तर रेलवे के गाजियाबाद मेमू शेड में जाना पड़ता था।इस बाध्यता के कारण अधिकांश सेवाएँ नई दिल्ली से आस.पास के स्थान तक ही सीमित थीं और उत्तर मध्य रेलवे के सभी हिस्सों में मेमू सेवाओं का विस्तार करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था।इसे ध्यान में रखते हुएए रेलवे बोर्ड द्वारा वर्ष 2016.17 में कानपुर में पूर्ण क्षमता वाले मेमू रखरखाव सुविधा को मंजूरी दी गई थी। मध्य में स्थित होने के कारण कानपुर इस शेड के लिये सबसे उचित स्थान था क्योंकि यह उत्तर मध्य रेलवे के सभी हिस्सों के साथ.साथ उत्तर मध्य रेलवे से उत्तर रेलवे ए पूर्वोत्तर रेलवे ए पूर्व मध्य रेलवेए पश्चिम मध्य रेलवे आदि रेलवे में मेमू सेवाओं की सुविधा प्रदान करने में सक्षम होगा।मेमू शेड के निर्माण और सभी रखरखाव फैसिलिटी के निर्माण का महत्वपूर्ण कार्य टर्नकी निष्पादन के लिए रेल विकास निगम लिमिटेड को सौंपा गया है। आरवीएनएल द्वारा किये जा रहे 92ण्71 करोड़ रुपये लागत के इस कार्य के तहत शेड संरचना एवं संबंधित सर्विस बिल्डिंगों आदि का निर्माण पहले ही किया जा चुका हैय रखरखाव के लिए आवश्यक मशीनरी साइट पर आ गई है और चालू करने की प्रक्रिया चल रही हैएनए मेमू शेड से कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिये कानपुर लोको केबिन के इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य को 19ण्10ण्2020 को पूर्ण कर लिया गया है और जनवरी 2021 तक कानपुर में मेमू रखरखाव सुविधा शुरू होने का लक्ष्य है। दो अनुरक्षण लाइनों वाला यह मेमू शेड गैल्वैलूम शीट के साथ प्री.इंजीनियर बिल्डिंग (स्टील स्ट्रक्चर) है एवं प्राकृतिक रोशनी के दृष्टिगत छत का 20ः हिस्सा क्लीयर प्रोफाइल के पॉली काबोर्नेट शीट का है। उचित वेंटिलेशन के लिए छत की चादरों पर टर्बो.वेंट लगाये गये हैं। इस शेड में छतों पर स्थापित 75 किलोवाट सौर संयंत्र के साथ सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता भी होगी और 75 किलो लीटर जल रीसाइक्लिंग संयंत्र भी स्थापित किये गये है जिससे यह शेड पर्यावरण के अनुकूल होगाए मेमू शेड अत्याधुनिक मशीनरी और संयंत्रोंए नवीनतम अग्निशमन व्यवस्था सहित अन्य उपयोगकर्ता सुविधाएं से सुसज्जित है। इस मेमू शेड को चालू होने से उत्तर मध्य रेलवे पर आधुनिकए तेजए ऊर्जा कुशल ट्रेनों से कम और मध्यम दूरी की यात्रा वाले अधिक यात्रियों के कुशल परिवहन के लिए मार्ग प्रशस्त होगा।

## एपीएस भर्ती 2013 : परीक्षा की मांग को लेकर दिया धरना




परीक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन करते अभ्यर्थी

**प्रयागराज।** अपर निजी सचिव उत्तर प्रदेश सचिवालय परीक्षा (एपीएस परीक्षा-2013) का विज्ञापन 2013 में निकला, मेंस, शार्ट हैंड की परीक्षा भी अभ्यर्थियों ने दी लेकिन सात साल बाद भी अंतिम कम्पयूटर ज्ञान परीक्षा न होने की वजह रिजल्ट घोषित नहीं हो सका है और अभ्यर्थी बार-बार लोक सेवा आयोग का दरवाजा खटखटाने को मजूबर है। बुधवार को लगभग 50 अभ्यर्थियों ने आयोग पर एकत्र होकर प्रदर्शन कर जल्द से जल्द कम्प्यूटर परीक्षा कराने का अनुरोध किया। एक प्रतिनिधिमंडल ने आयोग के अधिकारियों से मुलाकात अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। अभ्यर्थी उमेश पाण्डेय ने बताया कि अभ्यर्थियों की ओर से ज्ञापन तो दे दिया है लेकिन आयोग की तरफ से कोई ठोस जवाब नहीं मिला है। कहा कि एक भर्ती के लिए सात साल से प्रतीक्षा कर रहे हैं। बड़ी मुश्किलों का सामना कर के परीक्षा की तैयारी करते हैं लेकिन भर्ती निकालने और आधे से ज्यादा परीक्षाएं लेने के बाद अधिकारी भूल जाते हैं। हम अभ्यर्थियों के सामने तमाम समस्याएं हैं। सिर्फ कम्प्यूटर ज्ञान परीक्षा की वजह से परिणाम रुका हुआ है। इसलिए हम मांग करते हैं कि जल्द से जल्द कम्पयूटर ज्ञान परीक्षा आयोजित कर अभ्यर्थियों को राहत दी जाए।

## बच्चों को स्कूल बुलाने को फोन कर रहे शिक्षक

**प्रयागराज।** सात महीने बाद सोमवार से स्कूल खुल गए हैं। हालांकि अभी बहुत कम अभिभावक ही बच्चों को स्कूल भेजने को राजी हैं। ऐसे में जिला विद्यालय निरीक्षक आरएन विश्वकर्मा ने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों से अभिभावकों को फोन करने को कहा है। डीआईओएस ने बताया कि वे स्वयं जिन स्कूलों में निरीक्षण करने जा रहे हैं वहां अपने सामने फोन कराते हैं। स्कूलों में सेनिटाइजेशन, मास्क, थर्मल स्कैनिंग, शुद्ध पेयजल के इंतजाम किए गए हैं। चिकित्सीय सुविधा के लिए शिक्षक अलर्ट हैं। ऐसे में घबराने की बात नहीं है।

## पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**प्रयागराज।** पुलिस स्मृति दिवस पर बुधवार सुबह चतुर्थ वाहिनी पीएसी धूमनगंज में शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीजी जोन प्रेम प्रकाश, आईजी केपी सिंह, डीआईजी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी और पीएसी की चतुर्थ वाहिनी पीएसी की उप सेनानायक देवेश शर्मा ने शहीद स्मारक स्थल पर फूल चढ़ाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और माल्यार्पण किया।

इस मौके पर शहीद हुए चार पुलिसकर्मियों के परिजनों को एडीजी ने सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में दिवंगत उपनिरीक्षक चिरंजीव के परिजन, दिवंगत सिपाही साहब लाल श्रीवास्तव के परिजन, दिवंगत हेड कांस्टेबल रमेश के परिजन और दिवंगत ओपी अशोक कुमार के परिजन शामिल हैं।



पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

मुद्रक/प्रकाशक
स्वामी श्री योगी सत्यम

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## संक्षेप समाचार

### कोषागार एकाउंटेंट की पत्नी का निधन

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के कलेक्ट्रेट में कोषागार रत्नेश श्रीवास्तव की पत्नी बृजबाला का इलाज के दौरान मंगलवार की शाम को अस्पताल में निधन हो गया है उनके निधन की जानकारी मिलते ही लोगों में शोक की लहर दौड़ गई है बुधवार को मंझनपुर में उनका अंतिम संस्कार किया गया है जिसमे नम आंखों के साथ काफी लोग मौजूद थे।

### पूर्व प्रधान के बेटे की मौत

**सैनी कौशाम्बी।** पूर्व प्रधान सौरई बुजुर्ग व वरिष्ठ बसपा नेता नियाज अहमद सिद्दीकी के पुत्र अयाज अहमद उर्फ मिंटू सिद्दीकी का इलाज के दौरान मौत हो गयी है जानकारी मिलते ही परिजनों सहित इलाकाई लोगों में शोक की लहर दौड़ गयी उनके पैतृक गांव सौरई बुजुर्ग में गुरुवार को अंतिम संस्कार होगा।

## डीएम ने धान की क्रॉप कटिंग कराते हुए अपने सामने करायी तौल

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह बुधवार को बहादुरपुर गांव पहुँचे और धान की क्रॉप कटिंग अपने सामने कराकर धान की तौल करायी इस अवसर पर किसानों के द्वारा आढ़ती ओसा मण्डी सुरेन्द्र सिंह द्वारा कमीशन लेकर ओसा मण्डी में किसानों के धान को बिचवाने की शिकायत किये जाने पर जिलाधिकारी ने उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने एवं उसका लाइसेंस निरस्त करने का निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी ने किसानों को आस्वस्त करते हुए कहा कि सरबती धान को छोड़कर सभी प्रकार के हाईब्रिड धान को गॉव मे ही कैम्प लगाकर खरीदा जायेगा, जिससे किसानो को इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। उन्होने गांव में कैम्प लगाकर किसानों के धान को खरीदने का निर्देश डिप्टी आरएमओ को दिया है। जिलाधिकारी ने व्यापारियों द्वारा किसानों के खरीदे गये धान को वापस लाकर धान क्रय केन्द्रों में बिचवाने का निर्देश डिप्टी आरएमओ को दिया है, जिससे किसानों को उनकी उपज का मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होने सभी क्रय केन्द्र प्रभारियो तथा डिप्टी आरएमओ को निर्देशित किया कि वह किसानों को धान क्रय केन्द्र पर ही अपने धान को बेचने हेतु जागरूक करें। उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि धान खरीद में किसी भी बिचौलिए का हस्ताक्षेप नहीं होना चाहिए, बिचौलियों से किसी भी दशा में धान न खरीदा जाये। जिलाधिकारी ओसा मण्डी पहुँचे और धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने धान क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि किसानों को अपने धान बेचने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि धान खरीद में यदि किसी भी प्रकार की शिकायत पायी गयी तो संबंधित क्रय केन्द्र प्रभारी के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने क्रय केन्द्र प्रभारियों को क्रय केन्द्रों पर नमी मापक यन्त्र सहित अन्य सभी प्रकार के यंत्रो को निरन्तर क्रियाशील रखने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने क्रय केन्द्र प्रभारियों को क्रय केन्द्रों पर पीने के पानी, बैठने की व्यवस्था, विद्युत की व्यवस्था तथा प्रतिदिन की कार्रवाइयों को रजिस्टर में दर्ज करने सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें एवं कार्रवाइयां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ तथा क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया है कि किसानों के धान खरीद का मूल्य निर्धारित समय सीमा में उनके खाते में आवश्यक रूप से पहुंच जाना चाहिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने मण्डी सचिव को क्रय केन्द्रो पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था निरन्तर बनाये रखने का निर्देश दिया है। उन्होने सभी क्रय केन्द्र प्रभारियो को तथा डिप्टी आरएमओ को निर्देशित किया कि वे किसानों को धान क्रय केन्द्र पर ही अपने धान को बेचने हेतु जागरूक करें। उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि धान खरीद में किसी भी बिचौलिए का हस्ताक्षेप नहीं होना चाहिए, बिचौलियों से किसी भी दशा में धान न खरीदा जाये। जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ को लक्ष्य के सापेक्ष धान खरीद की कार्यवाई सुनिश्चित करने के लिए कहा है।





जिलाधिकारी क्राप कटिंग कराकर अपने सामने क्रय केन्द्र पर तौल कराते

**सरबती धान को छोड़कर सभी प्रकार के हाईब्रिड धान खरीदने का दिया निर्देश, आढ़ती सुरेन्द्र सिंह ओसा मण्डी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने एवं लाइसेंश निरस्त करने का दिया निर्देश**

**धान खरीद के मूल्य को निर्धारित समय सीमा में किसानों के खाते में आन्तरित करने तथा क्रय केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त दुरूस्त बनाये रखने का भी दिया निर्देश**

## आखिर किस वजह से उपभोक्ताओं का कर रहा विधुत विभाग शोषण

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी पावर हाउस के कर्मचारियों द्वारा विधुत बिल मीटर से निकाले जाने पर लोगो में विभाग के प्रति जबरदस्त आक्रोश है। वहीं उपभोक्तओं का कहना है जहा पर 6 सौ रुपये बिल आना चाहिए वहा पर पंद्रह सौ रुपये बिल आ रहा है। इतना ही नही वह उपभोक्ता चाहे घरेलु हो या ब्यापारिक हो सभी के साथ बिल दुगना तिगुना बढ़कर आने से लोगो मे बिभाग के प्रति आक्रोश है वही इस तरह की लापरवाही से गरीबो की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है लोगो ने जे ई आकाश सिंह से निवेदन किया है कि अभिलंब इस बढ़े हुए बिल की रीडिंग को सही कराकर बिल जमा करवाने की कृपा करें। यह मामला बहुत ही गम्भीर है कही पब्लिक इस तरह की मार से त्रस्त न हो जाय वही पर कुछ संविदा कर्मचारी भी बिल की रीडिंग बढ़ाकर उपभोक्ता के साथ गंदा काम करते है। इनकी भी जांच होनी चाहिए।

## शहीद पुलिसकर्मियों की वीरता हमेशा याद रहेगी : एसपी



शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए

**शहीद पुलिसकर्मियों के सम्मान में श्रद्धा सुमन अर्पित कर दी गयी श्रद्धांजलि**

**कौशाम्बी।** पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी एवं उपस्थित समस्त अधिकारी कर्मचारी गण द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी में शहीद पुलिसकर्मियों के सम्मान में श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शहीद पुलिसकर्मियों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता शहीद पुलिसकर्मियों की वीरता हमेशा याद रहेगी। बुधवार 21 अक्टूबर को शहीद पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर कर्तब्यपथ पर अपना जीवन बलिदान कर देने वाले पुलिस कर्मियों के बीरता को याद करते हुए उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और शहीद पुलिस कर्मियों को याद करते हुए शोक सलामी दी गयी इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री अभिनंदन अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर क्षेत्राधिकारी सशस्त्र पुलिस बल पुलिस कार्यालय के अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## सरकारी स्कूल की जमीन पर दबंगों ने किया कब्जा

**कौशाम्बी।** तहसील दिवस में मंझनपुर तहसील के खुर्रम पुर बजहा के ग्रामीणों ने शिकायती पत्र दे कर बताया कि सरकारी प्राइमरी स्कूल आजादी के समय से गांव में बना था बाद में इस स्कूल को स्थानांतरित कर गांव के बाहर नहर के किनारे नया निर्माण करा दिया गया जिससे पुराने स्कूल की जमीन खाली हो गयी। गांव में बने पुराने सरकारी प्राइमरी स्कूल की जमीन को तत्कालीन ग्राम प्रधान से सांठगांठ कर गांव के ही कमलेश जायसवाल पुत्र रामफल जायसवाल ने कब्जा कर लिया है और उसमें अस्थाई तरीके से निर्माण करके आटा चक्की तेल मशीन आदि लगा लिया है ग्रामीणों का कहना है कि जिसके चलते पुराने सरकारी स्कूल की जमीन कमलेश जायसवाल के कब्जे में हो गई है पूर्व में भी कई बार पुराने सरकारी स्कूल की सरकारी जमीन खाली कराए जाने के लिए अधिकारियों को एप्लीकेशन दी जा चुकी है लेकिन जांच के नाम पर लीपापोती कर दी गई है। शिक्षा विभाग की सरकारी भूमि पर कब्जा करने वाले कमलेश जायसवाल पर मुकदमा दर्ज कराते हुए इनके अस्थाई निर्माण को धराशाई कर सरकारी स्कूल की पुरानी भूमि को फिर पूर्व की स्थिति लाए जाने की फरियाद ग्रामीणों ने की है ग्रामीणों का कहना है कि जिससे सरकार की संपत्ति सुरक्षित रह सके।

## एमजीएम ग्रुप के सभी विद्यालय खुले, विद्यार्थियों के चेहरे खिले

**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित मां गायत्री मेमोरियल कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल, एन डी कान्वेंट स्कूल एंड कॉलेज भरवारी एवं केपीएस भीटी विद्यालय सरकार के निदेर्शानुसार आज खुल गए है। संस्थान के चेयरमैन एवं विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने अपने समस्त विद्यालय के प्रधानाचार्य को निर्देश दिया है कि विद्यालय में सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष पालन किया जाए थर्मल स्कैनिंग का प्रयोग और सेनीटाइजर का प्रयोग भी अनिवार्य रूप से करवाना है। संस्थान के चेयरमैन एवं विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि समस्त विद्यार्थी का विद्यालय प्रांगण में प्रवेश करने से पहले मास्क पहनना सुनिश्चित करवाएं और क्लास में भी सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष पालन करवाएं।विद्यार्थियों का विद्यालय में गार्जियन की सहमति पत्र लाना अनिवार्य होगा बिना सहमति पत्र के विद्यार्थियों का प्रवेश संभव नहीं होना चाहिए। संस्थान के चेयरमैन एवं विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि सरकार के दिए गए दिशा-निदेर्शों का समस्त प्रधानाचार्य एवं अध्यापक साथ ही साथ विद्यार्थियों को इसका पालन करना अनिवार्य होगा। कोविड-19 के खतरे को देखते हुए श्री गुप्ता ने निर्देश किया कि अगर कोई भी विद्यार्थी अथवा अध्यापक को खांसी, बुखार, सर्दी जैसे लक्षण दिखे तत्काल उसे अभिभावक एवं कोविड-19 केंद्र में सूचित करें। इस मौके पर केपीएस भरवारी की प्रिंसिपल श्रीमती सीमा पवार एनडी कान्वेंट स्कूल एंड कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर मयंक मिश्रा, आरपी चतुवेर्दी विनीता विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।



खुले विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करते विद्यार्थी

### टीचर्स मायूस अभिभावकों ने कहा जब तक बस नही चलेगी तब तक पढ़ाई होगी बाधित

**भरवारी कौशाम्बी।** शासन के स्कूल खोलने का आदेश तो दे दिया परंतु कोई भी कॉलेज बिना शासन के आदेश के बिना बच्चो को बस द्वारा ले जाना व लेकर आने में किसी तरह का कोई रिस्क लेना नही चाहता है। वही अभिभावकों का भी कहना है कि यदि सरकार कॉलेज खोलना चाहता है तो उसको साथ ही स्कूल की बसों का भी संचालन का भी सुचारू रूप से आदेश जारी करना पड़ेगा जिससे अभिभावकों को भी सहूलियत हो सके। बता दे कि शासन ने दिनांक 19 अक्टूबर से स्कूल खोलने का आदेश पारित किया है परंतु सभी कॉलेज के प्रबंधक एवम प्राचार्य से वातार्लप की गई तो उन सभी लोगो ने स्कूल खोलने में तो कोई दिक्कत नही महसूस की बल्कि यह कहा कि सरकार को स्कूल खोलना ही था तो बसों का भी संचालन सुचारू रूप से चलाने का आदेश जारी करे। वही प्रबन्ध तंत्र ने कहा हम लोग कोरोना जैसी महामारी बीमारी के चलते किसी प्रकार का रिस्क लेना नही चाहते है। ऐसे में हम लोग सरकार की नई गाइड लाइन जारी होने की प्रतीक्षा में है कौशाम्बी में मात्र एक सत्ता धारी नेता के कॉलेज की बसों का संचालन हो रहा है जिसमे बच्चो की सामाजिक दूरी व सेनेटाइजर की व्यवस्था के तहत बस आ रही है व बच्चो को छोड़ने जाती है आज नंदी वाणी पब्लिक स्कूल के कॉलेज में बहुत कम बच्चो ने पठन पाठन में रुचि लिया।

## लाखों के देशी अवैध शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

### अवैध तमन्चा, कारतूस व शराब बनाने के अन्य उपकरण बरामद

**प्रतापगढ़।** पुलिसअनुराग आर्य के कुशल निर्देशन में, जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु निरन्तर दिये गये निर्देश के क्रम में थाना अन्तू से उ0नि0 रणविजय सिंह मय हमराह व स्वाट टीम के उ0नि0 प्रमोद कुमार सिंह मय स्वाट टीम के द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थानाक्षेत्र अन्तू के पूरे बैरीशाल से एक व्यक्ति विक्रम प्रताप सिंह उर्फ पंकज सिंह पुत्र अमर पाल सिंह नि0 पूरेबैरीशाल थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को एक मोटर साइकिल से एक बोरी में 50 शीशी देशी अवैध शराब ले जाते समय गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमन्चा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस भी बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर 140 पेटी, 02 बोरी में 400 शीशी अवैध शराब व शराब बनाने के उपकरणध्केमिकल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि यह शराब बाहर से केमिकल, शीशी, ढ़क्कन, रैपर आदि बाहर से मंगाकर अवैध शराब बनाकर बेंचता हूं।इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 526ध्20 धारा 60, 60ए, 63 आबकारी अधिनियम, 419, 420, 467, 468, 471, 272 भादवि व 3ध्4 कापी राइट एक्ट व मु0अ0सं0 527ध्20 धारा 3ध्25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी




हत्या के अभियोग में वांछित पुलिस की गिरफ्त में

### हत्या के अभियोग में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थानाक्षेत्र पट्टी के ग्राम रामपुर बेला में तालाब के किनारे गांव की ही एक महिला का शव पाया गया। जिसके सम्बन्ध में मृतका के पति की तहरीर पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 281ध्20 धारा 302, 201 भादवि का अभियोग बनाम 02 नफर अभियुक्त पंजीकृत किया गया था। उक्त अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निरन्तर किये जा रहे प्रयास के क्रम में आदि दिनांक 21.10.2020 को प्रभारी निरीक्षक पट्टी नरेन्द्र सिंह मय हमराह द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थानाक्षेत्र पट्टी के कलहूगंज बाजार से उक्त अभियोग से सम्बन्धित दो अभियुक्तों यमुना प्रसाद जायसवाल भागीरथ जायसवाल पुत्रगण स्व0 नन्हकू राम जायसवाल निवासी गण रामपुर बेला थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि घरेलू कलह के कारण हम लोग कंचन (मृतका) से तंग आ गये थे। इसी कारण हम दोनो ने मिलकर पत्थर से उसके सिर पर मारकर उसकी हत्या कर दी व शव को तालाब में फेंक दिया था।

## महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक

**प्रतापगढ़।**महिलाओं तथा बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं उनके कर्मचारियों, महिला शक्ति केन्द्र, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं 1098 चाइल्ड के कर्मचारियों द्वारा अलग-अलग ग्रामसभाओं एवं धार्मिक स्थलों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को महिलाओं तथा बच्चों की हिंसा से रोकथाम पास्को कानून लैंगिक समानता, घरेलू हिंसा तथा दहेज से पीड़ित महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा से बचाव सहायता पुर्नवास हेतु जागरूक किया गया। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं योजना के अन्तर्गत कन्या भ्रूण हत्या रोकने हेतु पीसीपीएनडीटी कानून के अन्तर्गत महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा से बचाव, सहायता, बाल विवाह रोकथाम, कोविड-19 के रोकथाम के प्रति जागरूक किया गया। मिशन का उद्देश्य महिलाओं तथा बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाना, उन्हें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराना, जन जागरूकता पैदा करना, आत्म सुरक्षा की कला विकसित करने हेतु महिलाओं तथा बच्चों को प्रशिक्षित करना तथा उनके प्रति हिंसाध्अपराध करने वाले की पहचान उजागर करना होगा। यह अभियान 25 अक्टूबर तक संचालित किया जायेगा।

### छात्राओं ने लिया मिशन शक्ति की सफलता का संकल्प

प्रतापगढ़। नगर के हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज मे छात्राओ द्वारा मंगलवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत संकल्प लिया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे छात्राओ ने सुरक्षा को लेकर जागरूकता का शपथ भी लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. ऋचासुकुमार ने बालिकाओ की सुरक्षा मे समाज की भूमिका जागृत होने पर जोर दिया। अध्यक्षता प्राचार्य डा. राजेन्द्र प्रसाद मिश्र व संचालन डा. सीमा त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रमा धिकारी डा. फणीन्द्र नारायण मिश्र ने मिशन शक्ति के ध्येय पर प्रकाश डाला। इस मौके पर डा. शिवशरण मिश्र, दिनेशचंद्र त्रिपाठी, अभिषेक पाण्डेय, शैलेन्द्र सरोज, जीतेन्द्र विश्वकर्मा, अरविंद कुमार, मयंक परमार आदि रहे।

## आस्था मे अंलकृत है भगवान शिव की महिमा : आचार्य करूणेश

**प्रतापगढ़।** लीलापुर क्षेत्र के महादेवन धाम कोहरचका देवली मे शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित रामकथा के तीसरे दिन शिव विवाह सम्पन्न हुआ। आध्यात्मिक उत्सव मे कथाव्यास आचार्य करूणेश ने श्रद्धालुओं को बताया कि श्रद्धा ही पार्वती है और शिव विश्वास है। उन्होने कहा कि जब तक श्रद्धा और विश्वास का मिलन नही होता तब तारकासुर रुपी अन्ध श्रद्धा , कुर्तक का नाश नही होता। आचार्य ने बताया कि शिवजी विवाह करके दुनिया को यह संदेश दे रहे है कि विवाह करना गलत नही है। विवाह मै भी करता हूं, पर विवाह काम को सीमित करने के लिये होना चाहिये न की काम की अधिकता के लिए। विवाह के अवसर पर शिव के श्रंगार का तात्विक विश्लेषण करते हुये कथा व्यास आचार्य करुणेश महराज ने बताया कि संसार के प्राणी इत्र, साबुन, तेल, पावडर का प्रयोग करते है और शिव जी चिता की भस्म लगाते है। उन्होने बताया कि चिता की भस्म लगाकर शिवजी संसार को यह संदेश देते है कि इस शरीर को कितना भी चमका लो व महका लो अन्त मे इसे राखी ही बनना है। कथा के आयोजक ग्राम प्रधान देवली मनोज सिंह, बीडीसी जय सिंह, काशी सिंह, राममनोहर पाण्डेय, सुग्गा शुक्ल, राजू विश्वकर्मा, छेदीलाल विश्वकर्मा, ओम प्रकाश दूबे, मनोज रावत आदि रहे।

## बालिकाओं के जागरूक होने से सशक्त होंगी पीढ़ियां : अजय क्रांतिकारी

**प्रतापगढ़।** युवक मंगल दल बोझी एवं पर्यावरण सेना के संयुक्त तत्वावधान में दांडी स्थित संस्कार एजुकेशनल एकेडमी में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला शक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस मौके पर बेटियों द्वारा रैली निकालकर लोगों को नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु जागरूक किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे यूथ आईकॉन एवं पर्यावरण सेना प्रमुख ग्रीनमैन अजय क्रांतिकारी ने कहा कि बालिकाओं के जागरूक होने से ही आने वाली पीढ़ियाँ सशक्त होंगी।हमें सभ्य समाज के लिए महिला शक्ति की सुरक्षा और सम्मान को अपने व्यवहार में शामिल करना होगा।उन्होंने बेटियों को जागरूक करते हुए कहा कि अब बेटियों को डरने की नहीं बल्कि निर्भीक होकर आगे बढ़ने की जरूरत है।पुलिस, प्रशासन और समाज साथ है। बेटियों को कोरोना के लिए जागरूक करते हुए उन्हें मास्क बाँटे गए और स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया। कॉलेज के प्रबंधक दिवाकर पांडेय ने कहा कि शक्ति के रूप में बेटियों को सशक्त करने से ही लिंगभेद को समाप्त किया जा सकता है और उन्होंने कन्याभ्रूण हत्या को रोकने के लिए बेटियों का आह्वान किया। चीन से भारत आये राजेश तिवारी ने पूरी दुनिया में महिला सशक्तिकरण के जो प्रयास हो रहे हैं उसमें भारत बेहतर स्थिति में है। इस मौके पर अनुराग मिश्र, अजीत कुमार,मिथुन मिश्र, अरविंद कुमार, नमन कुमार तिवारी, खुशी, खुशबू, मीनाक्षी आदि लोग मौजूद रहे ।कार्यक्रम का संयोजन अनुराग मिश्र ने किया।




मिशन शक्ति अभियान में रैली निकाल लोगों को जागरूक करते

## राजकीय विद्यालय में चयन होने पर क्षेत्र में खुशी

**प्रतापगढ़।** विकास खंड बाबा बेलखर नाथ धाम क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कमार्जीतपुर के सहायक अध्यापक नीलम पाण्डेय का राजकीय विद्यालय मे हुवा चयन। इसकी खबर मिलते ही बधाई देने वालो को लगा तातापट्टी तहसील क्षेत्र के महोखरी गाँव के रिटायर्ड स्टेशन सुपरिंटेंडेंट उत्तर रेलवे डॉ हरिहर प्रसाद पाण्डेय ष्जनप्रियष की पुत्री नीलम पाण्डेय का राजकीय विद्यालय मे एल टी ग्रेड सोसल साइंस मे 35 वा रैंक मिलने की जानकारी मिलते ही जहाँ परिजनों मे खुशी की लहर दौड़ पडी वही पर बधाइयों का ताता लग गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार नीलम पाण्डेय प्राथमिक विद्यालय कमार्जीतपुर विकास खंड बाबा बेलखर नाथ धाम प्रतापगढ़ मे सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत है,.जिसका राजकीय विद्यालय मे सोसल साइंस मे (एल टी ग्रेड ) सहायक अध्यापक के पद पर चयन हुवा है इनके पति भी जनपद आजमगढ़ मे राजकीय महाविद्याल मे असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है। मीडियाकर्मियों के पूछने पर उन्होंने ने बताया कि माता. पिता और भाइयो के आशीर्वाद से और अपनी मेहनत से मुझे राजकीय विद्यालय में शिक्षक बनने का मौका मिला.. इस अवसर पर, अरविन्द पाण्डेय, अरुण पाण्डेय, राहुल पाण्डेय, संतोष कुमार पाण्डेय एडोकेट प्रतापगढ़, रितुल पाण्डेय, ऋषभ पाण्डेय, पियूष पाण्डेय कृष्णा पाण्डेय. आदि परिजनों ने बधाई दिया।



सहायक अध्यापक नीलम को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा करते परिजन।